हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार 24 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 18 .5 डिग्री
न्यूनतम 6 .5 डिग्री


12 कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में की क्रमिक भूख हड़ताल





12 धूमधाम से मनाया बसंत पंचमी पर्व श्रद्धालुओं ने की मां सरस्वती की पूजा




## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित के बयान पर रामपुरा थाना पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। घायल ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। मामले के एक आरोपी मोनू को एक दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। अब इस मामले में एक आरोपी सैनी मोहल्ला कुतुबपुर निवासी नितिन को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के आरोपी दो चालकों को गिरफ्तार किया है। रामपुरा थाना पुलिस ने गत 1903 जनवरी को हुए हादसे के बाद वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने रोलियावास निवासी मनमोहन को गिरफ्तार किया है। खोल थाना पुलिस ने सीएचसी के पास बाइक चालक को टक्कर मारने के मामले में खोल निवासी मनीष को गिरफ्तार किया है। इस हादसे में 21 जनवरी की रात मंदोला के युवक की मौत हो गई थी। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी भेजा जेल

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने नागालिग से दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 17 जनवरी को दिल्ली के इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी रितिक के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने सामान्य अस्पताल से नाबालिग का मेडिकल कराया था। मामले में पुलिस ने आरोपी रितिक को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### अवैध शराब के साथ काबू किया आरोपी

**कोसली।** पुलिस ने माता मोहल्ला में अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि शेरसिंह अवैध रूप से शराब की बिक्री करता है, जिससे मोहल्ले का माहौल खराब होता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर रेड की, तो शेरसिंह के कब्जे से देशी शराब के 28 अध्धे बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### चोरी के मामले में एक आरोपी किया काबू

**रेवाड़ी।** कसोला पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात के बाद गत वर्ष 20 नवंबर को केस दर्ज किया था। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने आदर्श नगर निवासी रविन को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मॉडल टाउन थाने में पहले भी चोरी के दो केस दर्ज हैं।

### शिनाख्त के बाद शव का करवाया पोस्टमार्टम

**रेवाड़ी।** बीते वीरवार को बावल रेलवे स्टेशन के पास मिले युवक के शव की शिनाख्त हो गई। जीआरपी ने रेलवे स्टेशन के पास तख्त पर एक शव बरामद किया था। शिनाख्त नहीं होने के कारण शव मोर्चरी में रखवाया गया था। हरचंदपुर निवासी 35 वर्षीय सिकंदर वीरवार को घर से जाने के बाद वापस नहीं पहुंचा था। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की हुई थी।

*बारिश से किसानों के चेहरों पर आई चमक, ओलावृष्टि की आशंका बढ़ा रही धड़कन*

# रबी फसलों को दस एमएम तक की डोज, सरसों व गेहूं पर छाई रौनक, आज भी बूंदाबांदी के आसार

**शनिवार को भी हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना जताई जा रही है। बारिश के बाद धारूहेड़ा का एक्यूआई भी कम होकर 180 पर आ गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिसंबर माह से बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे किसानों को आखिर राहत मिल गई। शुक्रवार को हुई औसत 10 एमएम बारिश से रबी फसलों को अच्छा फायदा मिला है, जिससे किसानों के चेहरे खिल गए हैं। मौसम के जल्द साफ होने की उम्मीद नहीं है, जिस कारण किसान ओलावृष्टि की आशंका से चिंतित जरूर हैं। वहीं दूसरी ओर शहरी क्षेत्र में हल्की बरसात से ही जगह-जगह जलभराव के कारण कीचड़ बन गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार को भी हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना जताई जा रही है। बारिश के बाद धारूहेड़ा का एक्यूआई भी कम होकर 180 पर आ गया। वीरवार देर रात मौसम में अचानक बदलाव आया। आसमान में घने बादल छाने के साथ ही तेज हवाएं चलने लगीं। रात को 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं। शुक्रवार तड़के हल्की बारिश शुरू हुई, जो सुबह लगभग 10 बजे तक चलती रही। सुबह 8 बजे तक रेवाड़ी खंड में सर्वाधिक 4.0 एमएम और मनेठी में सबसे कम 0.2 एमएम बारिश हुई थी। इसके बाद भी बारिश काफी देर तक होती रही, जिससे औसम 10 एमएम बारिश का अनुमान है। दोपहर तक एक बार मौसम साफ होने के बाद फिर से घने बादल छा गए। अधिकतम तापमान 5.5 डिग्री की गिरावट के साथ 18.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 6.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हवा में नमी का स्तर 80 प्रतिशत रहा। दिन में हवाएं 22 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलीं। शाम तक सूरज और बादलों के बीच लुका-छिपी का खेल चलता रहा। शाम के समय फिर से तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते 24 जनवरी को भी आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी या हल्की बरसात हो सकती है। ओलावृष्टि से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। इस दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। इस दौरान कोहरे और कड़ाके की ठंड का प्रकोप एक बार फिर से देखने को मिल सकता है।

### बारिश के बाद दिन का पारा 5.5 डिग्री लुढका



रेवाड़ी। बरसात से अनाजमंडी में हुआ जलभराव। फोटो : हरिभूमि

#### सुबह 8 बजे तक दर्ज हुई बारिश

| खंड | बारिश |
|---|---|
| रेवाड़ी | 4 एमएम |
| मनेठी | 0.2 एमएम |
| पाल्हावास | 1.5 एमएम |
| धारूहेड़ा | 0.5 एमएम |
| डहीना | 0.5 एमएम |
| बावल | 2.0 एमएम |
| कोसली | 0.5 एमएम |
| नाहड़ | 3.0 एमएम |

### तेज हवा के दौरान सिंचाई से बचें

मौसम अभी साफ नहीं हुआ है। बारिश की संभावना बनी हुई है। किसानों को तेज हवाएं चलने के दौरान फसलों की सिंचाई से बचना चाहिए। तेज हवाओं के बीच सिंचाई से फसल जमीन पर गिर सकती हैं, जिससे उत्पादन प्रभावित होता है। जमीन पर गिरी हुई फसलों का पकाव सही नहीं होता।

-डॉ. धर्मबीर यादव, निदेशक, कृषि अनुसंधान केंद्र, बावल।

### शहर में हल्की बारिश से कीचड़

बारिश से जहां फसलों को अच्छा फायदा हुआ है, वहीं दूसरी ओर हल्की बारिश से शहर में जगह-जगह जलभराव के कारण कीचड़ ही कीचड़ हो गया। टूटी सड़कों के गड्ढों में पानी एकत्रित होने वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कीचड़ के कारण बाजार में आने वाले ग्राहकों से लेकर दुकानदारों तक को परेशानी का सामना करना पड़ा। ज्यादा बारिश होने पर शहर के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



रेवाड़ी। शुक्रवार को बरसात से गेहूं की फसल पर आई रौनक।

### फसलों को फायदे की उम्मीद

कृषि विशेषज्ञ डा. धर्मबीर यादव के अनुसार इस बरसात से गेहूं और सरसों की फसलों को जबरदस्त फायदा होगा। किसानों को कुछ दिनों तक फसल सिंचाई की आवश्यकता नहीं होगी। अगेती सरसों की फसल अब सिंचाई के बिना भी पककर तैयार हो जाएगा, जिससे किसानों को अकेले गेहूं की सिंचाई कर सकेंगे। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि बारिश की संभावना को देखते हुए किसान अभी सिंचाई से बचें। तेज हवाएं चलने से सिंचाई के दौरान फसल जमीन पर गिर सकती हैं।



रेवाड़ी। बावल रोड पर जमा बरसात का पानी। फोटो : हरिभूमि

### ओलावृष्टि का खतरा अभी टला नहीं

बारिश से एक ओर जहां फसलों को अच्छा फायदा मिला है, वहीं ओलावृष्टि का खतरा अभी टला नहीं है। इस माह के अंत तक मौसम में बार-बार बदलाव आने के आसार हैं। मौसम विभाग बारिश के साथ ओलावृष्टि की आशंका भी जाहिर कर रहा है। इस समय अगर ओलावृष्टि होती है, तो इससे दोनों फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। बीते साल भी ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ था, जिस कारण किसानों को ओलावृष्टि की चिंता सताने लगी है।

# पिकअप गाड़ी व ट्रैक्टर में भिड़ंत तीन लोग गंभीर रूप से घायल

■ पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद हादसे की जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जैसलमेर नेशनल हाइवे पर वीरवार देर रात हरिनगर के पास पिकअप और ट्रैक्टर में भिड़ंत होने से चालक सहित तीन लोग घायल हो गया। तीनों को ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद हादसे की जांच शुरू कर दी।

यूपी के मेरठ से कपड़ा भरकर राजस्थान के नीमराना की ओर जा रही एक पिकअप गाड़ी हाइवे पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर के बाद पिकअप गाड़ी हाइवे के डिवाडर पर चढ़ गई। पिकअप चालक व क्लीनर सहित तीन लोग इस हादसे में घायल हो गए। हरिनगर के ग्रामीणों ने घायलों को गाड़ी से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने के बाद रामपुरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हादसे में ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया। चालक बाल-बाल बच गया। बाद में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।



रेवाड़ी। घटनास्थल पर खड़ा ट्रैक्टर व क्षतिग्रस्त पिकअप। फोटो : हरिभूमि

### यादव सभा की मासिक बैठक रविवार को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 25 जनवरी को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर व मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा।

यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि सुबह 9 से 11 बजे तक हेल्थ कैंप आयोजित किया जाएगा, जिसमे विशेषज्ञ डॉक्टरों की ओर से मरीजों को मेडिसिन, हड्डीरोग, न्यूरो सर्जरी, स्त्रीरोग, नेत्र रोग व चर्म रोग सहित फिजियोथेरेपी की फ्री सेवाएं दी जाएंगी। कैंप के बाद प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता व महंत लाल दास महाराज के सानिध्य में मासिक बैठक आयोजित की जाएगी। मीटिंग में महीने की विभिन्न गतिविधियों के अलावा आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया जाएगा।

# बाइक चोरी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए की टीम ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी की दो बाइक बरामद की गई हैं। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। गत वर्ष 20 नवम्बर को राजस्थान के जलालपुर निवासी सिंगाराम ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसने अपनी बाइक कसोला चौक के पास खड़ी की थी। बाइक खड़ी करने के बाद वह अपने काम में व्यस्त हो गया। कुछ समय बाद जब वह वापस आया तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच की थी। सीआईए की टीम ने चोरी के मामले में जांच के बाद न्यू आदर्श नगर निवासी रविन उर्फ लल्ला को गिरफ्तार कर लिया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी रविन उर्फ लल्ला।

### आरोपी के खिलाफ सात मामले

सीआईए ने पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी की 2 बाइक बरामद की हैं। वह पहले भी बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। उसके खिलाफ कसोला, मॉडल टाउन, सिटी थाना व नारनौल सिटी थानों में चोरी के 7 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां उसे भी ज्यूडिशियल कस्टडी के तहत जेल भेज दिया गया।

### गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा को लेकर होटल, ढाबे व धर्मशालाओं में जांच



रेवाड़ी। होटल में रजिस्टर की जांच करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा को लेकर पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत पुलिस की अलग-अलग टीमों ने जिला में स्थित होटल, ढाबे व धर्मशाला में ठहरने वाले व्यक्तियों की गहनता से जांच की गई। इस दौरान संचालकों को हिदायत भी दी गई कि होटल, धर्मशाला व ठहरने वाले स्थान पर व्यक्तियों की आईडी की फोटोकॉपी जरूर ले व अपने रिकार्ड में रखे। बिना आईडी के किसी को भी ठहरने के लिए रूम न दे तथा किसी भी व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। सभी थाना व चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जा रही है। पुलिस टीम ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति रहता है या कोई संदिग्ध वस्तु या वाहन मिलता है तो इसकी सूचना डायल 112 या नजदीकी थाने में दे।

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 3.66 लाख की ठगी का एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वर्ष 2024 में साइबर थाना पुलिस ने शेयर मार्केट में निवेश के बदले मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर लगभग 3.66 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। न्यू हाउसिंग बोर्ड निवासी शिवेंद्र सिंह ने साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि वह ऑनलाइन शेयरों का व्यापार करता है। उसके दोस्त ने उसे बताया था कि उसने शेयरों में व्यापार करने के लिए एक ग्रुप देखा है। ग्रुप के जरिए शेयरों की खरीद व बिक्री के लिए अच्छा लाभ व मार्गदर्शन दिया जाता है।



आरोपी रविशंकर

■ आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया

उसके दोस्त ने उसे गुरप में शामिल करा दिया। व्हाट्स एप पर उसे श्रुति अग्रवाल नाम बताने वाली महिला ने उसे एक लिंक भेजकर एप डाउनलोड करा दिया। उसने एप के जरिए शेयर ट्रेडिंग करना शुरू कर दिया। इसके बाद उसने आईपीओ के लिए पांच बार आवेदन किया। उसे बताया गया कि आईपीओ में उसे 15 हजार शेयर मिले हैं।

### खाते में 280 प्रतिशत मुनाफा दिखाया

उसकी ओर से बताई गई आईपीओ की रकम उसने जमा करा दी। इसके बाद एप पर उसके खाते में 280 प्रतिशत मुनाफा दिखाया गया। अगले दिन उसे शेयर बेचने के लिए कहा गया। उसने एप के जरिए शेयर बेच दिए, लेकिन पैसा निकालने पर उसे कमिशन जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर ठगों ने उसे 366400 रुपये की चपत लगा दी। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर 28 नवंबर 2024 को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने इस मामले में हिसार जिले के बूढ़ा खेड़ा गांव निवासी रविशंकर को गिरफ्तार किया है। उसके बैंक खाते में ठगी की रकम में से 1.70 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे।



रेवाड़ी। बसंत पंचमी पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

### विद्यार्थियों ने बसंत पंचमी पर दी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**कोसली।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन स्कूल में बसंत पंचमी के पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ की गई। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, नृत्य, गीत, कविता पाठ और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से बसंत ऋतु के महत्व को दर्शाया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा। पीले परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने बसंत पंचमी के उल्लास और उमंग को जीवंत किया। विद्यालय के चेयरमैन राव बहादुर सिंह व प्रधानाचार्य रमेश ने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व के बारे में जानकारी दी तथा विद्या, ज्ञान और सद्भाव के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।






# मातृभूमि गाने के टीजर में दिखी गलवां घाटी की झलक

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर काफी पहले रिलीज हो चुका है। शुक्रवार को भाईजान ने अपनी फिल्म के पहले गाने 'मातृभूमि' से जुड़ा एक टीजर साझा किया। सलमान खान ने अपनी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' के पहले गाने 'मातृभूमि'का जो टीजर शेयर किया है, उसकी शुरुआत में बैगुल की आवाज सुनाई देती है। आगे गलवां घाटी और भारत का झड़ा नजर आता है। यह टीजर 15 सेकेंड का है। 'मातृभूमि' गाने को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है। समीर अंजान ने इस गाने को लिखा है। अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने इसे गाया है।



लाइफ Style

# मेधा

## लंदन फाइल्स से कॅरियर की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'बॉर्डर 2' के सिनेमाघरों में रिलीज होते ही अभिनेत्री मेधा राणा सुर्खियों में आ गई थे। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिका में नजर आए थे।

फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही थे। इस वॉर ड्रामा फिल्म में नवोदित अभिनेत्री मेधा राणा भी नजर आई थे। मेधा फिल्म में वरुण धवन के अपोजिट नजर आई थे। फिल्म के टीजर के बाद से ही मेधा राणा सुर्खियों में हैं और अब रिलीज के बाद लोग मेधा राणा के बारे में जानना चाहते थे। 'बॉर्डर 2' से सुर्खियां बटोरने वाली मेधा राणा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2022 में आई वेब सीरीज 'लंदन फाइल्स' से की थी। इस सीरीज में उनके साथ अभिनेता अर्जुन रामपाल प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज 'फ्राइडे नाइट प्लान' में बाबिल खान के साथ अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा मेधा कई ब्रांड्स के विज्ञापनों में भी नजर आई थे। अब 'बॉर्डर 2' जैसी बड़ी फिल्म में नजर आने के बाद मेधा के करियर को नई पहचान मिलने की उम्मीद है।25 दिसंबर 1999 को जन्मी मेधा एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ीं, जिसका सार्वजनिक क्षेत्र से गहरा संबंध था। उनके पिता सुनील राणा सरकारी कर्मचारी थे। उनकी मां ऋतु राणा ने स्किल्स एकेडमी शख्सियत की सह-स्थापना की है और उनकी एक बहन हैं, जिनका नाम प्रियंका राणा है। मेधा ने चंडीगढ़ के कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है।

हॉलीवुड मसाला



# वन बैटल में दिखा गजब का एक्शन-थ्रिल

**लॉस एंजिल्स।** लियोनार्डो डिकैप्रियो की हॉलीवुड फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' में बस एक पिता का संघर्ष नहीं है, इस कहानी के जरिए अमेरिका के 60 और 80 के दशक को दिखाया गया है। कैसे उस दौर में अमेरिका बदल रहा था, कैसे अन्याय अपने चरम पर था। इस फिल्म में उस दौर की कई सामाजिक बुराइयों को भी दिखाया गया है। पॉल थॉमस एंडरसन निर्देशित इस फिल्म में गजब का एक्शन, थ्रिल देखने को मिला है। फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि इसमें कई वास्तविक क्रांतिकारी समूहों से प्रेरणा ली गई है।



# सिनर्स ने बॉक्स ऑफिस पर वसूले थे 3255 करोड़

**लॉस एंजिल्स।** सिनर्स फिल्म पिछले साल नॉर्थ अमेरिका में सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म ने वहां 280 मिलियन डॉलर कमाए, जबकि विदेशों में 88 मिलियन डॉलर की कमाई की। इस तरीके से इस फिल्म का कुल वर्ल्ड वाइड कलेक्शन 368 मिलियन डॉलर (3255 करोड़) पहुंच गया है। जबकि फिल्म का बजट केवल 90–100 मिलियन डॉलर है। भारत में फिल्म की कमाई 12 करोड़ हुई थी। अगर आप ओटीटी प्लेटफार्म पर सिनर्स फिल्म को देखना चाहते हैं, तो आप जियो हॉटस्टार पर इस फिल्म को स्ट्रीम कर सकते हैं। हालांकि, फिल्म हिंदी भाषा में मौजूद नहीं है। लेकिन, सबटाइटल के साथ फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इस फिल्म में माइकल बी. जॉर्डन लीड रोल में हैं।



# काले चश्मे में खूब जचीं करीना...

**मुंबई।** करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई थे। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म हो चुकी है और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। इसी बीच करीना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है, जिसमें वह मुंबई एयरपोर्ट में कैजुअल लुक में नजर आईं। करीना कपूर खान शुक्रवार को सुबह जब मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचीं तो पैपराजी ने जमकर फोटो क्लिक की। इस दौरान ब्लू जींस और रेड स्वेटशर्ट में करीना बेहद स्टाइलिश नजर आईं। इस लुक को करीना ने अपने ब्लैक सनग्लासेस से इनहैंस किया है। करीना के फैंस ने उनके इस लुक पर लाल दिल वाले और फायर इमोजी शेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'क्वीन हैं बेबो', एक दूसरे फैन ने पूछा, 'कब रिलीज हो रही है आपकी फिल्म 'दायरा।'



# बेटे को वर्दी में देख भावुक हो गए सुनील...

**मुंबई।** साल 1997 में रिलीज हुई 'बॉर्डर' के सीक्वल नें बेटे अहान शेट्टी के काम को देखकर सुनील शेट्टी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। उन्होंने 29 साल पहले जेपी दत्ता की मूवी में काम किया था। लेकिन, उनके किरदार की मौत हो गई थी, जिससे वह इस बार इसका हिस्सा नहीं बन सके। मगर लाडले के लिए उन्होंने भावुक पोस्ट किया है और मन की भावनाओं को खुलकर जाहिर किया है। एक्टर ने लिखा, मेरे बेटे, आज मैं तुमको बताता हूं कि मेरे लिए बॉर्डर एक फिल्म नहीं थी, जिसमें मैंने काम किया। ये एक जिम्मेदारी बन गई थी, जो मैंने कैमरा के बंद होने के बाद भी निभाई। सालों बाद, तुमको वर्दी पहने देखने से ये बात साबित होती है कि ये सिर्फ नॉस्टैल्जिया नहीं है, बल्कि एक रिमाइंडर है। अनुशासन का, बलिदान का, मौन का और साहस का।'

टीवी मसाला

# एक्टिंग से खुश हूं, लेकिन एक्टर न होता तो आर्किटेक्ट होता : पार्थ

**नई दिल्ली।** कलर्स के शो सहर होने को है से चर्चा में आए अभिनेता पार्थ समथान ने अपने किरदार माहिद और अब तक के कॅरियर पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि माहिद का किरदार काफी अलग है। बचपन में उसके साथ कई दर्दनाक घटनाएं हुई हैं, जिनसे वह आज तक उबर नहीं पाया। मां-बाप से दूर होना पड़ा, इसी वजह से वह प्यार से दूरी बनाए रखता है। माहिद गलत के खिलाफ खड़ा होता है और इंसाफ में विश्वास रखता है, हालांकि उसका तरीका थोड़ा अलग है। पार्थ ने कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें और शो को जो प्यार मिल रहा है, उससे वह बहुत खुश हैं। शो कैसी ये यारियां से चर्चा से आए पार्थ ने करियर को लेकर कहा कि पिछले 10–12 सालों में बहुत कुछ बदला है। उन्होंने सीखा है कि इंसान को कहीं भी हो, सीखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। इन सालों में उन्होंने अपने काम और किरदारों से बहुत कुछ सीखा है। पार्थ ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने 12 साल पहले एक्टिंग को करियर के रूप में चुना और उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अगर एक्टर नहीं होते तो? इस सवाल पर पार्थ ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह आर्किटेक्ट होते। हालांकि, उन्होंने मजाक में कहा कि यह पेशा उनके लिए थोड़ा टॉर्चर जैसा होता। कहा- मैं अक्सर मजाक में आर्किटेक्चर को 'आर्किटॉर्चर'कहता था। उन्होंने बताया कि आर्किटेक्चर की पढ़ाई और शुरुआती साल काफी मेहनत भरे होते हैं। इसी वजह से वह अपने फैंस के शुक्रगुजार हैं जिन्होंने उन्हें बतौर एक्टर इतना प्यार दिया।



## लाफ्टर शेफ्स 3 में हुई नई एंट्री

**नई दिल्ली।** कुंकिग का कॉमेडी शो 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' दर्शकों को खूब एंटरटेन कर रहा है। इस शो में 7 जोड़ियां यानी 14 कंटेस्टेंट्स हैं, जिनमें से अब 5 कंटेस्टेंट्स आपको 31 जनवरी के एपिसोड में नजर नहीं आएंगे। उन्होंने अपनी किसी न किसी वजह से इस शो को बीच में अलविदा कह दिया है और उसकी जगह सावन ने ले ली है। जिसके बारे में होस्ट भारती सिंह ने बताया है। 'लाफ्टर शेफ्स 3' का फाइनल फेस ऑफ 24 जनवरी और 25 जनवरी को टेलीकास्ट होगा। जिसमें से टीम छूरी या फिर टीम कांटा में से कोई एक जीतेगा और उसे चमचमाती ट्रॉफी मिलेगी। इसके बाद 31 जनवरी को प्रसारित होने वाले एपिसोड में पांच पुराने सदस्यों को नए सदस्य रिप्लेस करेंगे और शो फिर से दिलचस्प हो जाएगा। ईशा मालवीय, ईशा सिंह, देबिना बनर्जी, विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी ने 'लाफ्टर शेफ्स 3' को छोड़ दिया है। अब उनकी जगह सावन यानी सुदेश लहरी, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, अर्जुन बिजलानी और निया शर्मा दिखाई देंगे। एल्विश यादव के पार्टनर अर्जुन बनेंगे और बाकी चारों जोड़ियो में पुराने सीजन की यादें ताजा करेंगे। इनके आने से फैंस भी बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। शो को छोड़ने वाले पांचों कंटेस्टेंट्स की बात करें तो वो सभी उतने मिलनसार नहीं थे, जितने बाकी सब रहे। उन्होंने न तो ज्यादा स्टार्स जीते और न ही दर्शकों का उतना मनोरंजन किया, जिससे उनके जाने से किसी को फर्क पड़े।



# सिनेमाघरों में कपड़े उतार कर नाचे फैंस अजित कुमार को कोल्ड ड्रिंक से नहलाया

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में साउथ के अभिनेता अजित कुमार की एक फिल्म दोबारा रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस जश्न मना रहे थे। साउथ के अभिनेता और रेसर अजित कुमार की बड़ी फैन फॉलोइंग है। फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते थे। ऐसे में अभिनेता की साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'मनकथा' 23 जनवरी को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस ने जबरदस्त उत्साह दिखाया है। फैंस अजित की फिल्म देखकर सिनेमाघरों में डांस करते, सीटी बजाते और चीखते नजर आए। अजित कुमार के फैंस जब सिनेमाघरों में इस फिल्म को देखने पहुंचे तो उन्होंने अजित कुमार के पोस्टर पर दूध और कोल्ड ड्रिंक डाला। कई फैंस थिएटर के अंदर कॉन्फेटी उड़ाते हुए नजर आए। डायरेक्टर अधिक रविचंद्रन, जिन्होंने अजित की फिल्म 'गुड बैड अग्ली' का निर्देशन किया है, वह एक्टर के मैनेजर सुरेश चंद्र के साथ कमला सिनेमाज गए, ताकि फैंस के साथ 'मनकथा' की री-रिलीज का जश्न मना सकें। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हैं जिसमें देखा जा सकता है कि फैंस स्क्रीन के पास फिल्म के गानों पर नाचते हुए दिख रहे थे। सिर्फ तमिलनाडु में ही नहीं, केरल में भी फैंस को फिल्म की री-रिलीज का जश्न मनाते हुए देखा गया। आपको बता दें कि 'मनकथा' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसे वेंकट प्रभु ने लिखा और इसका निर्देशन किया है। फिल्म की स्टार कास्ट में अजित कुमार, अर्जुन सरजा, तृषा कृष्णन, लक्ष्मी राय, अंजलि और जयप्रकाश थे। इसके गाने आज भी दर्शकों के जेहन में ताजा थे। आखिरी बार अजित कुमार फिल्म 'गुड बैड अग्ली' 2025 में नजर आए थे। उन्होंने रेसिंग कमिटमेंट्स की वजह से काम से ब्रेक लिया था।



# बॉर्डर 2 का दर्शकों पर चला जादू सनी के अभिनय का दिखा दम

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। यह साल 1997 में आई फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' पर नेटिजन्स के शुरुआती रिएक्शन देखकर साफ है कि इस फिल्म का जादू उन पर चल गया है। दर्शक पुरानी यादों में खो गए थे। कुछ दर्शक इसे 'बॉर्डर' से भी बढ़कर बता रहे थे। दर्शक इसे रोंगटे खड़े कर देने वाली फिल्म बता रहे हैं और लिख रहे हैं कि इसे देखकर आंखें नम हो जाएंगी। सनी देओल के अभिनय का दम दिखा है। एक यूजर ने लिखा है, 'इस फिल्म को परिवार के साथ जरूर देखा जाना चाहिए। यह फिल्म देखते हुए थिएटर मानो किसी स्टेडियम में बदल जाता है। डायलॉग इतने दमदार हैं कि लोग सीटी बजाते हैं और तालियां गूंजती हैं'। फिल्म 'बॉर्डर 2' में सिर्फ सनी देओल ही नहीं, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत ने भी कमाल का काम किया है। एक यूजर ने लिखा है, 'सनी देओल ने पर्दे पर आग लगा दी। वरुण धवन भी सरप्राइज करते थे। उनकी एक्टिंग देखकर ट्रोल करने वालों की बोलती बंद हो जाएगी। फिल्म का क्लाइमैक्स जबर्दस्त है'। यूजर कह रहे हैं कि फिल्म 'बॉर्डर 2', साल 1997 की 'बॉर्डर' को शानदार ट्रिब्यूट है। इमोशंस इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत हैं, बस पहली वाली फिल्म से इसकी तुलना मत करिएगा। वहीं, एक यूजर ने लिखा है कि इस फिल्म में 'बॉर्डर 2' की विरासत को बहुत शानदार तरीके से संभाला गया है। फिल्म की कहानी, सितारों के अभिनय के अलावा फिल्म का संगीत भी दर्शकों को पसंद आया है। 'मिट्टी के बेटे' सॉन्ग दर्शकों को सबसे दमदार लगा है। हालांकि, यह भावुक भी करता है। फिल्म देखकर लौटे दर्शक हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए बाहर निकल रहे थे। यूजर्स दावा कर रहे हैं कि यह फिल्म ब्लॉकबस्टर होगी।



## गुंजन सक्सेना से लेकर नीरजा तक में दिखा नारी शक्ति का साहस


# कई फिल्मों में नजर आया देशभक्ति का जज्बा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं, जिनमें देशभक्ति का जज्बा, अपने देश के लिए बलिदान की कहानी दिखाई गई है। ऐसी कुछ महिला प्रधान फिल्में भी बड़े पर्दे पर देखने को मिली हैं। यह फिल्में दिखाती हैं कि कैसे नारीशक्ति अपने देश के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहती है। यह फिल्में आम महिलाओं को भी प्रेरित करती हैं। देश के लिए बलिदान देने वालों में महिलाएं और पुरुष दोनों ही शामिल रहे हैं। यह देश गणतंत्र बन सका, इसमें भी दोनों की भागीदारी बराबर रही। सिनेमा के पर्दे पर भी ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जिसमें नारी शक्ति ने बलिदान, साहस की मिसाल पेश किए। देशभक्ति का जज्बा ऐसी फिल्मों में नजर आया।

### गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल

साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल'में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। इस सपने को पूरा करने में उसे अपने पिता (पंकज त्रिपाठी) का साथ मिलता है। असल गुंजन सक्सेना ने कारगिल युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। वह कारगिल युद्ध के दौरान युद्ध क्षेत्र में उड़ान भरने वाली पहली महिला एयरफोर्स ऑफिसर थीं। गुंजन 900 से ज्यादा घायल सैनिकों को कारगिल क्षेत्र से निकालने वाले ऑपरेशन का हिस्सा रही थीं।

**तेजस** : साल 2023 में कंगना रनौत की फिल्म 'तेजस' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने एक इंडियन एयरफोर्स ऑफिसर तेजस गिल का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका किरदार एक भारतीय जासूस को रेसक्यू करता है। फिल्म 'तेजस' को सर्वेश मेवड़ा ने लिखा और निर्देशित किया था।



### परमाणुः द स्टोरी ऑफ पोखरन

2018 में आई फिल्म 'परमाणु : द स्टोरी ऑफ पोखरन' में डायना पेंटी ने इंटेलीजेंस ब्यूरो की कैप्टन अंबालिका बंद्योपाध्याय नाम का एक फिक्शन किरदार निभाया था। इस फिल्म मे वो एक सख्त इंटेलीजेंस ऑफिसर के रोल में नजर आईं। वह पोखरन में हुए परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाती हैं।

**राजी** : आलिया भट्ट स्टारर फिल्म 'राजी'साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों को पसंद आई। फिल्म में आलिया भट्ट ने सहमत नाम की भारतीय जासूस का किरदार निभाया था। यह फिल्म हरिंदर सिक्का की किताब 'कॉलिंग सहमत' पर आधारित थी। सहमत जासूरी मिशन पर पाकिस्तान जाती है। पाकिस्तान के एक आर्मी ऑफिसर फैमिली की बहू बनती है। यहां रहकर वह हिंदुस्तान के लिए जरूरी जानकारी जुटाती हैं। देश तक वह जानकारी पहुंचाती है। यह फिल्म एक महिला के अपने देश के लिए असीम प्यार को दिखती है।

### आर्टिकल 370

*दो साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'आर्टिकल 370' में यामी गौतम ने एनआईए एजेंट जूनी हक्सर का किरदार निभाया था। यह फिल्म फिल्म सत्य घटनाओं से प्रेरित बताई जाती है। इस फिल्म के अलावा 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' में भी यामी ने एक भारतीय खुफिया अधिकारी जैस्मिन अल्मेड़ा का किरदार निभाया था। फिल्म में विक्की कौशल लीड रोल में थे लेकिन यामी का किरदार भी काफी अहम था।*

### नीरजा भनोट

*2016 में रिलीज हुई फिल्म 'नीरजा' में सोनम कपूर ने लीड रोल निभाया था। राम माधवानी निर्देशित इस फिल्म की कहानी एयर होस्टेस नीरजा भनोट की पर थी। नीरजा ने 1986 में हाईजैक हुए प्लेन में फंसे यात्रियों की जान बचाई। इस प्लेन में मौजूद 379 लोगों में से 359 बच गए थे। लेकिन आतंकवादियों का सामना करते हुए नीरजा ने अपनी जान गंवा दी थीं।*

# नगर पालिका की बैठक 29 को, 22 मुद्दों पर होगा मंथन
# तीन प्रमुख मार्गों पर स्वागत गेट बनाने के लिए होगी चर्चा

आम बैठक में शहर के अन्य विकास कार्यों पर भी विचार विमर्श किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़

नगर पालिका हाउस की बैठक 29 जनवरी को आयोजित की जाएगी। इसमें शहर के विकास को लेकर 22 मुद्दों पर चर्चा होगी। पार्षदों की सहमति पर मुद्दों पर मुहर लगाई जाएगी। नगर पालिका की ओर से प्रधान रमेश सैनी, उपप्रधान मंजू कौशिक, पार्षद सरी राठी, रजनेश कुमारी, अशोक कुमार, ममता, राजेश कुमार, भतेरी देवी, निखिल चेनजा, देवेंद्र सैनी, सीमा रानी, शारदा देवी, विष्णु वाल्मीकि, सुरेंद्र कुमार, सुखबीर यादव, सुनील कुमार, मनोनित पार्षद मुकेश कुमार, लक्ष्मी कांत, भिवानी–महेंद्रगढ़ सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, विधायक कंवर सिंह यादव व जिला नगर आयुक्त को सूचना भेज दी गई है। नगर पालिका के प्रधान रमेश सैनी ने बताया कि 15 पार्षदों व दो मनोनित पार्षदों को बैठक की एजेंडों की कापी भेजकर सूचना दे दी गई है। 29 जनवरी को दोपहर एक बजे नपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस आम बैठक में शहर के अन्य विकास कार्यों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### बैठक में इन मुद्दों पर होगी चर्चा

शहर के शॉपिंग कॉम्पलैक्स की दुकानों के ऊपर बने अवैध रूप से चौबारों में दुकानों को नियमित करने, हाउस की सहमति से इस प्रस्ताव की तय सीमा के अंदर अनुपालन करने वाले दुकानदार पर किराया नहीं भरने की वजह से पीपी एक्ट के तहत केस या न्यायालय में लंबित सभी तरह के मुकदमों को वापस लिए जाने बारे विचार, शॉपिंग कॉम्पलैक्स के दुकानदारों पर काफी वर्षों से बकाया रेंट पर लगे पेनल्टी और ब्याज माफ करने के लिए विस्तृत रिपोर्ट बनाकर सरकार के पास भेजने बारे विचार, शॉपिंग शॉपिंग कॉम्पलैक्स के अंदर जर्जर हो चुके लेटर की छत को ठीक करने बारे विचार किया जाएगा। ऑटो मार्केट की दुकानों के ऊपर नगर पालिका द्वारा बनाए गए चौबारों को खुली बोली या चौबारों के नीचे बनी दुकानों के किरायदारों को शर्तों के साथ देने बारे विचार, गांधी मार्केट में नगर पालिका की दुकानों को ऊपर बने चौबारों के ऊपर चढ़ने के लिए सीढ़ियां बनाने और चौबारों की मरम्मत करवाने को लेकर तथा मौहल्ला सैनीपुरा में नगर पालिका की दुकानों की मरम्मत करवाने बारे विचार किया जाएगा। नगर पालिका के देवीलाल पार्क के पास या अन्य किसी भी स्थान को चिह्नित कर रेहडी मार्केट बनाने बारे विचार, नगर पालिका के द्वारा बनाई गई नई सड़क मार्ग को पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा तोड़े जाने पर उचित कार्रवाई करने बारे विचार किया जाएगा। बिजली निगम द्वारा नगर पालिका की जमीन पर लगाए गए पोल व ट्रांसफॉर्म आदि पर रेंट वसूलने को लेकर पर चर्चा की जाएगी।



### पार्षदों को सम्मान नहीं तो बिल पास नहीं

*नपा महेंद्रगढ़ शहर क्षेत्र के अंदर किसी भी सरकारी प्रशासनिक और किसी भी सरकारी कार्यक्रम नेता या अन्य किसी भी कार्यक्रम में शहरी सरकार से बिना विचार–विमर्श किया, प्रधान, उप प्रधान व पार्षद को नहीं बुलाया जाने और उनको उचित मान सम्मान नहीं दिए जाने पर नगर पालिका के द्वारा उठाए जाने वाले किसी भी तरह के खर्च के लिए कोई भी बिल की अदायगी नहीं किए जाने बारे विचार होगा।*

### शहर में मॉडल रोड बनाने पर विचार

शहर के विकास की गति बढ़ाने के लिए नगर पालिका द्वारा करवाए गए सर्वे के अनुसार शहर के अंदर पांच किलोमीटर तक की सड़क मार्ग को मॉडल रोड बनाने, अटल सामुदायिक भवन के पास आधुनिक लाइब्रेरी, इंडोर स्टेडियम बनाने, नए नगरपालिका भवन के पीछे खाली जमीन पर ऑडिटोरियम बनाने, हुडा पार्क को नए रूप में विकसित करने, सभी प्रमुख चौराहा का सौंधर्यकरण करने, तीन प्रमुख मार्गों पर स्वागत गेट बनाने आदि अनेक विकास कार्य पर विचार–विमर्श किया जाएगा।

### ज्योतिबा फूले मार्ग बनाने पर विचार करेंगे

महाराजा शूर सैनी चौक मोहल्ला सैनीपुरा की तरफ जाने वाले गंगा देवी पांडे मार्ग को ज्योति बा फूले मार्ग करने बारे विचार, मोदाश्रम से करंट बालाजी मंदिर के सामने से वीरू कबाड़ी तक सड़क मार्ग करवाने बारे विचार, मोदाश्रम रोड से धौलपोश गौशाला तक सड़क मार्ग बनाने विचार, नगर पालिका शहर क्षेत्र में स्थाई तौर पर रेन बसेरा बनाने विचार, नगर पालिका कार्यालय को नया नगर पालिका कार्यालय भवन बनने तक देवीलाल पार्क के पास बने अटल सामुदायिक भवन में शिफ्ट करने और वर्तमान में चल रहे नगर पालिका कार्यालय के स्थान पर पार्किंग स्थल बनाए जाने पर विचार किया जाएगा। इसी प्रकार नगर के प्रत्येक वार्ड के अंदर विभिन्न मोहल्लों, गलियों व कॉलोनी में आमजन द्वारा अपने घर या प्रतिष्ठान पर बनाए गए पक्के निर्माण रैंप, सीडी आदि की अवैध कब्जे को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त करने बारे विचार, रेलवे रोड से हटाए खोखो के दुकानदारों के लिए किले के साथ लगती ऑटो मार्केट की दुकानों के साथ आगे की तरफ से सैन धर्मशाला के सामने देवीलाल पार्क के साथ या ब्रह्मचारी रोड पर या अन्य किसी भी स्थान पर एक निश्चित राशि और किराए तय कर दुकान दिए जाने के लिए एक रिपोर्ट सरकार के पास भेजने बारे विचार किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



नारनौल। घोड़ी पर बैठी लड़की रजनी।

### भाई ने बहन को घोड़ी पर बैठाकर निकाला बनवारा

**नारनौल।** मोहल्ला मिश्रवाड़ा में वीरवार रात को भाई ने अपनी बहन की शादी से पूर्व उसका घोड़ी पर बैठाकर बनवारा निकाला। लड़की की शादी बसंत पंचमी के अवसर पर हुई। मोहल्ला मिश्रवाड़ा में राजू सोनी की पुत्री रजनी सोनी को विवाह से पूर्व घोड़ी पर बैठाकर पूरे सम्मान व धूमधाम के साथ बनवारा निकाला। इस आयोजन ने न केवल मोहल्ले बल्कि पूरे शहर में चर्चा का विषय बना दिया। बनवारे से पूर्व सहभोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें परिजन व रिश्तेदार शामिल हुए। बनवारे में लोगों ने डांस कर खुशियां मनाई। रजनी सोनी के पिता राजू सोनी निजी बैंक में कार्यरत हैं और लगभग 15 हजार रुपये मासिक वेतन पर परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। रजनी वर्तमान में पढ़ाई कर रही हैं और उन्होंने अभी कोई नौकरी नहीं की है।

स्वास्थ्य मंत्री ने किए 12 करोड़ के शिलान्यास व उद्घाटन

# दौंगड़ा अहीर में नर्सिंग कॉलेज खोलने का रहेगा पूरा प्रयास : आरती सिंह राव

- पूरी ताकत झोंक देनी है अटेली को एक नई अटेली बनाने में : आरती सिंह राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। मंडी अटेली

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने शुक्रवार को अटेली हल्के के दौंगड़ा अहीर, दौंगड़ा जाट, मोहम्मदपुर, अटेली गांव में अपने दौरा कर धन्यवाद कार्यक्रम किए। इन धन्यवाद कार्यक्रमों के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने घोड़ा बग्गी, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक तरीके से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वास्थ्य मंत्री ने दौंगड़ा अहीर में अपने संबोधन में बसंत पंचमी बधाई देते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि में आप सभी ग्रामीणों का आज यहां धन्यवाद करने आई है। वर्ष 2024 में दो चुनाव हुए थे। शुरुआत में आपने तीसरी बार नरेंद्र मोदी को भारत का प्रधानमंत्री बनाया। उसका भी बहुत धन्यवाद। उसके बाद आई विधानसभा की बात। पूरे हरियाणा में एक आवाज चल रही थी कि कौन बनाएगा हरियाणा में सरकार। क्योंकि आज तक हरियाणा में तीसरी बार सरकार किसी भी पार्टी ने नहीं बनाई। दौंगड़ा अहीर में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि वह पूरी कोशिश कर रही हैं कि दौंगड़ा अहीर को एक नर्सिंग कॉलेज दें। वहीं जनस्वास्थ्य विभाग की पाइपलाइन पांच सौ मीटर कम रह गई है, जो पानी आना था, वह आते–आते कुछ दूरी पहले ही रह गया। उसे मामले में कार्यकारी अभियंता से बात की है। वह जल्द से जल्द वह पाइपलाइन लगा देंगे, जिसकी सुविधा आपको जल्द ही मिल जाएगी। दौंगड़ा अहीर सब तहसील की बात मुख्यमंत्री से जाकर की थी। उसे बोला गया है कि जनगणना आ रही है। उसके बाद सारी प्रक्रिया तब तक बंद हो जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री में धन्यवाद कार्यक्रमों में बताया कि उसको पूरी ताकत झोंक देनी है अटेली को एक नई अटेली में, क्योंकि जब उसने अटेली संभाली एवं विधायिका बनी तो देखा कि छोटी-छोटी सी चीजें अटेली में नहीं हैं। रेस्ट हाउस नहीं है। स्टेडियम नहीं है, जो हर विधानसभा में होता है। आज तक बने विधायक क्यों नहीं कर पाए हैं। उसकी पूरी कोशिश रहेगी कि अटेली का नाम महेंद्रगढ़ में नंबर एक होना चाहिए। वह अटेली को नंबर एक पर बनाएंगी, यह आप सभी से वादा है। उसने जितनी कोशिश रही है, की है। अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त अपने काम में लगाऊंगी। वहीं काम की बात आती है, तब जिले में वह डॉक्टर लगा रही हैं।

स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर कर रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने दौगड़ा अहीर सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बीपीएल सात परिवारों को 3.50 लाख सब्सिडी चेक भी वितरित किए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लगभग 12 करोड़ रुपये के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए।






मंडी अटेली। दौंगड़ा अहीर में परियोजनाओं का उद्घाटन करती स्वास्थ्य मंत्री व कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, गोविंद गोस्वामी, पूर्व चेयरमैन विकास यादव, अटेली मार्केट कमेटी के चेयरमैन दिनेश जेलदार, नगर पालिका चेयरमैन संजय गोयल, अटेली मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन राधेश्याम, एडवोकेट हेमंत भारद्वाज सिहमा, भाजपा नेता इंद्रजीत यादव, ग्रीवेंस कमेटी सदस्य विजय उर्फ सोनू, चंदपुरा, ओमप्रकाश, मनोज सेकवाल, कार्यकारी अभियंता शिवराज, एसडीओ अमित सोनी, परमानन्द जेई, विक्रम सरपंच रामपुरा, छाजूराम यादव, तेजप्रकाश, संदीप एडवोकेट, प्रदीप तिगरा, विक्की पंजाबी, प्रदीप सैनी, अटेली मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।*



महेंद्रगढ़। अधिवक्ताओं को संबोधित करती आरती राव। फोटो : हरिभूमि

### जनहितैषी योजनाओं को प्राथमिकता दे रही सरकार: स्वास्थ्य मंत्री

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा सरकार प्रदेश में समान विकास के साथ साथ जनहितैषी योजनाओं को लागू करने में प्राथमिकता से काम कर रही है। भाजपा सरकार प्रत्येक व्यक्ति को अंतिम छोर तक सभी योजनाएं पहुंचाने का निरंतर प्रयास कर रही है। यह बात स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने शुक्रवार को महेंद्रगढ़ बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोलते समय कही। बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक कंवर सिंह यादव भी मौजूद थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि महेंद्रगढ़ जिले में अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, ताकि आम लोगों को इलाज के लिए दूर न जाना पड़े। कनीना व महेंद्रगढ़ बार एसोसिएशन को स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने 10-10 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर तहसीलदार अजय कुमार, जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, बार एसोसिएशन प्रधान संदीप यादव, कनीना बार एसोसिएशन मंजीत, एडवोकेट हेमंत भारद्वाज सिहमा सहित समस्त अधिवक्ता मौजूद थे।



नांगल चौधरी। दिवंगत रामजीलाल जेलदार की श्रद्धांजलि सभा में परिजनों को सांत्वना देती आरती राव।

### पारिवारिक संस्कारों के उत्थान की मिलती है प्रेरणा: आरती राव

**नांगल चौधरी।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने नियामतपुर गांव में 12 गांवों के जेलदार रहे रामजीलाल को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके सामाजिक कार्यों का उल्लेख किया है। युवाओं को बुजुर्गों के साथ समय बिताने के लिए प्रेरित किया, जिससे अनुभवी जीवन का निर्माण संभव हो पाएगा। उन्होंने मौरूड गांव में समर्थक रामोतार के भाई उमराव सिंह की पत्नी निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य की पहचान कर्मों से होती है। स्वास्थ्य मंत्री ने समर्थक रामोतार गुर्जर के भाई उमराव की पत्नी के निधन पर गहरा शोक जताया। कहा कि जन्म लेने के बाद मृत्यु निश्चित होती है, लेकिन अच्छे कर्म करने वाले इंसानों को समाज सदैव याद रखता है। इस मौके पर नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव, पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव, अनिल मांदी, छत्रपाल रावत, दिनेश मास्टर, राजेंद्र प्रसाद भुंगारका, विकास बडकोदा, रामेश्वर पहलवान, राजू सैनी, अभय सिंह गुर्जर आदि मौजूद रहे।



नारनौल। बैठक करते संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# केन्द्रीय ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

केन्द्रीय ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी के जिला कमेटी की बैठक शुक्रवार को सुभाष पार्क में स्कीम वर्कर्स फेडेरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्णा देवी की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन जिला सचिव छाजूराम रावत ने किया। इस अवसर पर एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह ने केंद्रीय सरकार की ओर से श्रमिक विरोधी व कॉर्पोरेट परस्त चार लेबर कोड को 21 नवम्बर 2025 को अचानक लागू करने की घोषणा को आजादी आन्दोलन से अब तक मजदूरों के संघर्ष व कुर्बानियों से हासिल श्रमिक हितों के खिलाफ बताया।

उप प्रधान सीताराम ने कहा कि इन लेबर कोड्स के लागू होने से हड़ताल करने का अधिकार कमजोर होगा, स्थायी रोजगार खत्म होकर ठेका व अस्थाई काम बढ़ेगा। कृष्णा देवी ने कहा कि केंद्रीय ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी सहित देश की 10 बड़ी ट्रेड यूनियनों का राष्ट्रीय स्तर पर सांझा ऑन्दोलन चार लेबर कोड को वापस लेने की पुरजोर मांग की जाएगी। किसान संगठन एआईकेकेएमएस जिला सचिव डॉ. व्रतपाल सिंह ने कहा कि किसान, मजदूर विरोधी व जन विरोधी नीतियों के खिलाफ 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में किसान भी भाग लेंगे और इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल किया जाएगा। इस मौके पर मास्टर सुबेसिंह, किसान संगठन एआईकेकेएमएस जिला सचिव डॉ. व्रतपाल सिंह, छाजूराम रावत आदि मौजूद थे।

### विजय नगर में मेघवाल जाति के दूल्हे को घोड़ी पर बैठने पर विवाद, पुलिस तैनात

**मंडी अटेली।** अटेली से सटे राजस्थान के बहरोड-कोटपूतली जिले के गांव विजय नगर में मेघवाल जाति के लड़के को घोड़ी पर बैठाकर निकासी निकालने पर दो जातियों में तनाव की स्थिति बनी हुई है। अनुसूचित परिवार द्वारा घोड़ी पर नहीं बैठने को लेकर मांढ़ण थाना में शिकायत दी तो पुलिस ने आपसी विवाद मामला दर्ज कर लिया। हालांकि पुलिस की तैनाती भी की गई। विजय नगर निवासी मनोज कुमार पुत्र किशन लाल ने बताया कि वह मेघवाल जाति से संबंध रखता है। उसका विवाह 23 जनवरी को महेंद्रगढ़ जिला के गांव बलाना में संपन्न हुआ है। उसके बड़े भाई सुरेंद्र ने दो दिन पहले घोड़ी पर बैठाकर बनवारा दिया था। गांव के एक राजपूत व्यक्ति ने छोटी मानसिकता का परिचय देते हुए दूल्हे को घोड़ी से उतार दिया और विवाद पैदा कर दिया। उनके गांव में पुरानी परंपरा है कि अनुसूचित जाति के परिवार को घोड़ी पर निकासी नहीं निकालने दी जाती है।

# शिमला में मां सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित

**नारनौल।** राजकीय श्रीमती महादेवी खेडवाल अंग्रेजी माध्यम विद्यालय शिमला के प्रांगण में भामाशाह सवाई सिंह पीटीआई की ओर से निर्मित मां सरस्वती की प्रतिमा का उद्घाटन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भामाशाह सवाई सिंह यादव पीटीआई थे। अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य सुखवीर सिंह यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रिंसिपल डॉ. जगदीप यादव, डॉ. रामानन्द शर्मा, डॉ. कंवर सिंह यादव, पूर्व सरपंच धर्मेंद्र यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल यादव, उपाध्यक्ष करण सिंह यादव, विपिन विक्रम यादव, मनजीत लाठर, कप्तान नरेश यादव, सूबेदार बलवंत सिंह, सूबेदार फूलचंद यादव, तोताराम यादव, मनोहर सिंह यादव, राजेंद्र सिंह, श्रीराम जीटर, वीरेंद्र सिंह यादव थानेदार, धर्मपाल यादव थे। सर्वप्रथम अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत भाषण प्रिंसिपल पुरुषोत्तम शर्मा ने दिया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार यादव व सुरेश मुकड़ ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अनिल शर्मा ने संबोधित किया।



नारनौल। शिमला में मां सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण करते हुए।

# ग्राम सभा के माध्यम से होगा जल सेवा आकलन: डीडीपीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

भारत सरकार के निर्देशानुसार ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर ग्राम पंचायतों द्वारा जल जीवन मिशन के तहत पेयजल व्यवस्था से संबंधित जल सेवा आकलन के कार्यों को अपडेट करने के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। यह निर्देश जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रमोद कुमार ने जारी किए। इस संबंध में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता जितेन्द्र हुड्डा, बीडीपीओ नवदीप तथा जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने डीडीपीओ से मुलाकात कर जल सेवा आकलन विषय पर विस्तृत चर्चा की। कार्यकारी अभियंता जितेन्द्र हुड्डा ने बताया कि जल सेवा आकलन को एक सामुदायिक स्वामित्व आधारित स्व मूल्यांकन प्रणाली के रूप में परिकल्पित किया गया है। इसका उद्देश्य गांवों को अनियमित व महंगे तृतीय पक्ष सर्वेक्षणों पर पूर्णतः निर्भर रहने के बजाय अपनी जल सेवा वितरण प्रणालियों की सामूहिक समीक्षा करने में सक्षम बनाना है।

यह प्रक्रिया ग्राम पंचायत एवं ग्राम सचिव के माध्यम से ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर देखी और अपडेट की जा सकती है। इसके तहत हर घर नल से जल की स्थिति, पेयजल स्त्रोत, पाइप लाइन आधारित जल आपूर्ति व्यवस्था, पेयजल शुल्क संग्रहण तथा पेयजल गुणवत्ता आदि का आकलन किया जाएगा। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी ने सभी बीडीपीओ को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अपने अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन सुनिश्चित करें, ताकि ग्राम सभा के माध्यम से जल सेवा आकलन का कार्य पारदर्शी एवं सहभागितापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जा सके। ग्राम सभा के माध्यम से किया गया यह जल सेवा आकलन ग्रामीण पेयजल सेवाओं की गुणवत्ता, जवाबदेही एवं सामुदायिक भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



नारनौल। डीडीपीओ को जल सेवा आकलन से संबंधित पत्र देते मंगतुराम सरसवा।

वाहन बेचने वाले डीलरों की एजेंसियों पर शाम तक ग्राहकों की भीड़ रही

# शादियों की धूम, वाहनों की बिक्री तीन गुणा तक ज्यादा

- बसंत पंचमी के दिन शहर से लेकर गांवों तक समारोह स्थल और बैंक्वेट हाल बुक रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

बसंत पंचमी को अबूझ साया होने के कारण शुक्रवार को बड़ी संख्या में जोड़े शादी के बंधन में बंधे। पहले से वाहन खरीदने का मुहुर्त निकलवा चुके लोगों ने कारों से लेकर दुपहिया वाहनों तक की जमकर खरीदारी की, जिससे वाहन बेचने वाले डीलरों की एजेंसियों पर शाम तक ग्राहकों की भीड़ रही। मक्रर संक्रांति के दिन मल मास की समाप्ति के साथ ही शुभ कार्य करने का समय शुरू हो गया था। बसंत पंचमी को अबूझ साया होता है। इस दिन विवाह करने के लिए मुहुर्त निकलवाने की आवश्यकता नहीं होती। यही कारण है कि बसंत पंचमी के दिन शहर से लेकर गांवों तक समारोह स्थल और बैंक्वेट हाल बुक रहे। शाम के समय शादियों के जाने वाले लोगों का निकलना शुरू हुआ, तो देर शाम तक सड़कों पर वाहनों की भीड़ देखी गई। सरकुलर रोड पर वाहनों की संख्या बढ़ने के कारण जाम जैसे हालात बने रहे। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने जाम खुलवाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पेट्रोल पंपों से लेकर सीएनजी स्टेशनों तक पर वाहनों की भारी भीड़ नजर आई।

एक अनुमान के अनुसार बसंत पंचमी पर जिले में 200 से अधिक जोड़े परिणय बंधन में बंधे। समारोह स्थलों में शाम के समय ही चहल-पहल बढ़नी शुरू हो गई थी, जो देर रात तक जारी रही।



रेवाड़ी। एक शोरूम पर कार खरीदते हुए ग्राहक। फोटो : हरिभूमि

### एजेंसियों पर दिन भर ग्राहकों की भीड़ लगी रही

दिवाली पर्व के बाद नए साल में पहली बार कारों से लेकर दुपहिया वाहनों तक की जमकर बिक्री हुई। कार और दुपहिया वाहनों के शोरूम पर सुबह से लेकर शाम तक वाहन खरीदने वाले लोगों की काफी भीड़ रही। कुछ डीलरों ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन वाहनों की बिक्री में दो से तीन गुणा इजाफा हुआ। बड़ी संख्या में लोगों ने बसंत पंचमी के दिन वाहन खरीदने के लिए पहले से बुकिंग कराई हुई थी। उन्होंने शुक्रवार को वाहनों की डिलीवरी ली। इससे एजेंसियों पर दिन भर ग्राहकों की भीड़ लगी रही।

### 77वें गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर

**महेंद्रगढ़।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह महेंद्रगढ़ के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के प्रांगण में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर आवश्यक तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। वीरवार को मॉडल संस्कृति स्कूल में स्कूली बच्चों की प्रेड, पीटी व सांस्कृतिक कार्यक्रम की रिहर्सल हुई। एसडीएम कनिका गोयल ने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में 26 जनवरी को मनाए जाने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। एसडीएम ने कहा कि इस अवसर पर सभी विभागों के साथ–साथ स्कूल व कॉलेज में निरंतर सांस्कृतिक कार्यक्रम अभ्यास किया जा रहा है। जिसको 24 जनवरी को फाइनल रिहर्सल में अंतिम रूप दिया जाएगा। वीरवार को मॉडल संस्कृति स्कूल में स्कूली बच्चों की प्रेड, पीटी व सांस्कृतिक कार्यक्रम की रिहर्सल का नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार एकता यादव ने निरक्षण किया।

## खबर संक्षेप



### वार्षिक उत्सव पर कलश यात्रा व भंडारे का आयोजन

धारूहेड़ा। गांव ततारपुर खालसा के शिव मंदिर में शिवमूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के वार्षिकोत्सव पर कलश यात्रा व भंडारे का आयोजन किया गया। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि एक वर्ष पूर्व मंदिर में शिवमूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। ग्राम वासियों की ओर से शुक्रवार को बसंत पंचमी के पर्व पर कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किए। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं मंगल गीत गाते हुए गांव की फिरनी से होती हुई मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। श्रद्धालुओं ने शिव प्रतिमा पर मत्था टेककर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।

### 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा-झंडा ऊंचा रहे हमारा' कार्यक्रम कल

रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था की ओर से 25 जनवरी को पंजाबी धर्मशाला में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति कार्यक्रम विजयी विश्व तिरंगा प्यारा-झंडा ऊंचा रहे हमारा का आयोजन किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत संयोजक डा. आरबी यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि व पंकज सैनी विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से पतंजलि के जिला प्रभारी दयाराम आर्य, जिला संयोजक भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ दीपेश भार्गव, श्याम सपड़ा व आदर्श राजपाल का अभिनंदन किया जाएगा।

### कैबिनेट मंत्री राव नरबीर 25 को आसलवास में

रेवाड़ी। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह 25 जनवरी को सुबह 11 बजे जिले के गांव आसलवास में महंत आजादनाथ योगी की 26वीं पुण्यतिथि पर मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। निजी प्रवक्ता हरिन्द्र यादव ने बताया कि महंत आदित्यनाथ, पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र खटाना व गांव के सामाजिक लोगों के निमंत्रण पर कैबिनेट मंत्री कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उसके पश्चात नारनौल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## श्याम भक्तों ने बाबा को स्नान कराकर नया पीतांबरी वस्त्र धारण करवाया


# धूमधाम से मनाया बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धालुओं ने की मां सरस्वती की पूजा

**श्री श्याम मंदिरों में बाबा के पीतांबरी वस्त्र लेने के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़**

**विधि-विधान के साथ की मां सरस्वती की पूजा, शहर के विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शुक्रवार को जिले में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की महिला, पुरुष व बच्चे भी शामिल हुए और सभी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूरे विधि-विधान के अनुसार पूजा-अर्चना की। शहर के नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर, सेक्टर-3 व 4 स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, घंटेश्वर महादेव मंदिर व सोलहराही स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की।




रेवाड़ी। बसंत पंचमी पर पीले फूलों से सजी श्री श्याम बाबा की प्रतिमा तथा श्याम बाबा का पीतांबरी वस्त्र लेने के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़। फोटो : हरिभूमि

### विद्या की देवी को सदैव याद रखें बच्चे

ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री ने कहा कि मां सरस्वती विद्या की देवी हैं। प्राचीन काल से ही उनकी आराधना विभिन्न समुदायों द्वारा की जाती रही है। मां सरस्वती का स्वच्छ मन से स्मरण करने से जहां याचक की सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं, वहीं मां सरस्वती उनकी मनोकामनाएं भी पूरी करती हैं। उन्होंने बच्चों से भी आग्रह किया कि विद्या की देवी मां सरस्वती को सदैव याद रखें और उनकी आराधना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें। मां सरस्वती मात्र शिक्षा में ही नहीं, अपितु संगीत के क्षेत्र की भी देवी मानी जाती हैं। हर कलाकार कार्यक्रम शुरू करने से पूर्व मां सरस्वती का स्मरण कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम को सफल बनाने की कामना करते हैं।

### श्याम मंदिरों में पीतांबरी वस्त्र लेने को लगी कतार

बसंत पंचमी के पर्व पर खाटू श्याम के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर में 101 किलोग्राम गुलदाउदी व गेंदे के फूलों से श्री श्याम बाबा को सजाया गया। श्याम बाबा का मनमोहक श्रृंगार विदिशा गुप्ता व मनोज सैनी ने कराया। इस अवसर पर श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप के सदस्यों की ओर से विशेष पूजा-अर्चना की गई तथा श्रद्धालुओं को श्याम बाबा का पीतांबरी वस्त्र वितरित किया गया। पीतांबरी वस्त्र साल में एक बार बसंत पंचमी के दिन बदला जाता है। श्याम भक्तों ने बाबा को स्नान कराकर नया पीतांबरी वस्त्र भी धारण करवाया। सोलहराही स्थित श्रीश्याम बाबा के मंदिर में भी भक्तों की लंबी कतार लगी रही। पीतांबरी वस्त्र लेने के लिए श्याम भक्त काफी उत्साहित नजर आए। मंदिरों में भजन कीर्तन के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान भी किया गया। श्रीश्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि श्याम बाबा का पीतांबरी वस्त्र का धार्मिक महत्व है। पीतांबरी वस्त्र घर में रखने अथवा धारण करने से श्रद्धालुओं की संतान, व्यापार, नौकरी एवं सुख-शांति जैसे मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

# मताधिकार लोकतंत्र की आत्मा प्रत्येक नागरिक निर्भीक होकर मत का प्रयोग करे : डॉ. मुकेश

1. मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के महत्व चुनावी प्रक्रिया तथा नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना
2. हर प्रकार की संकीर्णता भेद-भाव तथा प्रलोभन से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने तथा युवाओं में मतदाता जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, चुनावी प्रक्रिया तथा नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना रहा। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि मताधिकार लोकतंत्र की आत्मा है और प्रत्येक पात्र नागरिक का यह संवैधानिक दायित्व है कि वह स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाए तथा समाज में जागरूकता का संदेश फैलाए। मुख्य वक्ता डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि इस वर्ष का थीम वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम है, जो मतदाताओं को उनकी शक्ति और जिम्मेदारी के प्रति प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं में लोकतंत्र के प्रति पूर्ण आस्था के साथ-साथ यह दृढ़-संकल्प भी होना चाहिए कि वे हर प्रकार की संकीर्णता, भेद-भाव तथा प्रलोभन से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हॉस्टल चीफ वार्डन प्रोफेसर सतीश कुमार थे।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर डॉ. मोनिका, डॉ. बलजीत, डॉ. सत्येंद्र व पवन कुमार सहित राजनीति विज्ञान विभाग, अर्थशास्त्र विभाग व सोशल वर्क के सभी शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बीहड़ क्षेत्र में लगाए जा रहे बांस प्रजाति के 4500 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली



कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने शुक्रवार को नाहड़ बीहड़ के संरक्षित वन क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां लगाए जा रहे बांस व अन्य प्रजातियों के पौधों के बारे में जानकारी ली। एसडीएम ने बताया कि नाहड़ बीहड़ के संरक्षित वन क्षेत्र में हिरण व अन्य प्रजाति के जानवरों के रहने के लिए आने वाले समय में वन विभाग की ओर से करीब तीन करोड़ की राशि खर्च की जाएगी। फिलहाल यहां दीवार और नाले के साथ बंबू प्रजाति के पौधे लगाए जा रहे हैं, जिस पर 9 लाख 53 हजार की राशि खर्च की जा रही है। एसडीएम बताया कि भविष्य में इस बीहड़ की चार दीवारी का पुनर्निर्माण कराया जाएगा। इस समय हिरण के रहने के लिए करीब चालीस एकड़ भूमि है। वन विभाग की योजना है कि हिरणों के लिए पूरे 250 एकड़ का एरिया खोला जाए। इसी दिशा में कीकर को हटाने व बांस के पौधे लगाने का कार्य कराया जा रहा है। बांस के करीब 4500 पौधे लगाए जाएंगे, जिससे कि जंगल का इलाका सुरक्षित रहेगा और बाहर से इसमें कोई प्रवेश नहीं कर पाएगा।

# कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में की क्रमिक भूख हड़ताल

- 29 को होगी भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की कोसली यूनिट की ओर से सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर आदर्श ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू न करने की मांग को लेकर एक दिन की क्रमिक भूख हड़ताल की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिट प्रधान शीशराम यादव व मंच संचालन सचिव बिक्रम सिंह यादव ने किया। इस मौके पर कर्मचारी नेताओं ने कहा कि हरियाणा सरकार आदर्श ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के अनुसार बिजली विभाग में कार्यरत कर्मचारियों का तबादला कर रही है, जोकि किसी भी प्रकार से सही नहीं है। अन्य विभाग कि कार्यशैली और बिजली विभाग के कार्य में काफी अंतर है। निश्चित तौर पर अगर ऐसा किया जाता है तो तकनीकी कर्मचारियों का दुर्घटना स्तर बढ़ जाएगा। सचिव विक्रम सिंह यादव ने बताया कि 29 जनवरी को सर्किल स्तर पर एससी कार्यालय पर एक दिन की क्रमिक भूख हड़ताल की जाएगी।



रेवाड़ी। कोसली में अपनी मांगों को लेकर धरना देते बिजली कर्मचारी।

**ये रहे मौजूद**

धरने पर उपप्रधान रामनिवास, सब यूनिट प्रधान संजीव, जितेन्द्र, सचिन, जोनू ललित, देवेन्द्र व अमित सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। हवन में आहुति डालते हुए गायत्री परिवार के सदस्य।

### बसंत पंचमी पर गायत्री परिवार ने किया हवन

धारूहेड़ा। नंदरामपुर बांस रोड पर स्थित गायत्री मंदिर में बसंत पंचमी पर्व पर हवन व प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता नरेश वशिष्ठ ने कहा कि यह पर्व पुष्प, प्रसन्नता, उल्लास और नवजीवन के लिए खिलखिलाते रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि बसंत पर्व जीवन को उल्लास पूर्व बिताने का संदेश देता है। इस अवसर पर गायत्री परिवार से मास्टर मदन लाल, डा. जोनवाल, महेश यादव, निशानियां, मीरा देवी, तारावती जोधवाल व ललिता सहित अनेक लोग मौजूद थे।



### रोजगार मेले में 102 युवाओं को मिला रोजगार

रेवाड़ी। पटौदी रोड स्थित राजकीय आईटीआई में प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 102 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। रोजगार मेले में रेवाड़ी, बावल, धारूहेड़ा, मानेसर व गुरुग्राम से 20 कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी कंपिनयों में मेले से 102 युवाओं का चयन किया गया। अप्रेंटिसशिप व प्लेसमेंट ऑफिसर प्रदीप यादव ने बताया कि आईटीआई रेवाड़ी की अप्रेंटिसशिप व प्लेसमेंट ब्रांच की ओर से समय-समय पर इस प्रकार के रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है। इसी पहल से जिले के 102 युवाओं को एक दिन में रोजगार दिलाया गया। आगे भी इस तरह के मेले के आयोजन करके जिले के ज्यादा के ज्यादा बच्चों को रोजगार दिलाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में चयनित छात्र-छात्राओं को इसी सप्ताह जॉइनिंग लेटर दिए जाएंगे।

### दो चरणों में होगी जनगणना, पहला चरण 1 अप्रैल से

रेवाड़ी। केंद्र सरकार की ओर से जनगणना 2027 का नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसके तहत जनगणना दो चरण में पूरी की जाएगी। इसमें पहला चरण अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच शुरू होगा और दूसरा फेज फरवरी 2027 में शुरू होगा। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि भारत सरकार की ओर से वीरवार को नोटिफिकेशन जारी किया गया है, जिसमें बताया गया है कि 2027 की यह जनगणना पूरी तरह से डिजिटल होगी, जो नीति-निर्माण, विकास योजनाओं और संसाधन वितरण में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि पहले फेज में घरों की सूची और उससे जुड़ा डेटा शामिल किया जाएगा, दूसरे फेज में जनसंख्या की गिनती की जाएगी। जनगणना के जिला संयोजक अमित कुमार ने बताया कि भारत सरकार ने 2027 में होने वाली जनगणना के संबंध में जारी नोटिफिकेशन में 33 प्रश्नों को शामिल किया गया है, जिसमें मकान, परिवार व वाहन आदि से जुड़े सवाल शामिल है। उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में हर घर, भवन और संस्थान का विवरण दर्ज किया जाएगा, मकान पक्का या कच्चा है, पानी-बिजली-शौचालय जैसी सुविधाएं हैं या नहीं, भवन आवासीय है या व्यावसायिक है, ये सूचनाएं नोट की जाएंगी। दूसरा चरण फरवरी 2027 में होगा, जिसमें आबादी, जाति, धर्म, शिक्षा, रोजगार आदि की गिनती होगी। जिला संयोजक ने बताया कि यह जनगणना पूरी तरह डिजिटल होंगी।



रेवाड़ी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए।

### स्वतंत्रता सेनानियों के सिद्धांतों को जीवन में अपनाना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य : सोमाणी

रेवाड़ी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर राष्ट्रीय नवचेतना मंच की ओर से उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर विजय सोमाणी ने गुलामी से आजादी तक के वृतांत सुनाते हुए खोल गांव के मेजर सूरजमल को याद किया, जिन्होंने नेताजी की आदमकद मूर्ति का निर्माण करवाया। नेताजी के नेतृत्व और संघर्ष ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन को नई दिशा दी। इस अवसर पर एडवोकेट परिवर्तन आर्य, सरदार गुरदेव सिंह, रोहताश, सुशील, किशनलाल, डा. जितेंद्र शर्मा, नितिन,गीता,सुनीता, बबली आदि मौजूद रहे।

### केंद्रीय विद्यालय में पराक्रम दिवस पर ऑपरेशन सिंदूर प्रश्नोत्तरी का आयोजन

रेवाड़ी। शुक्रवार को कोनसीवास रोड स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप से मनाया गया। यह दिवस 2021 में नेताजी की 125वीं वर्षगांठ पर शुरू किया गया, तभी से प्रत्येक साल 23 जनवरी को महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, ताकि उनके अदम्य साहस, देशभक्ति और देश के लिए निस्वार्थ सेवा को याद किया जा सकें। समाज और नई पीढ़ी में पराक्रम दिवस का प्रचार और प्रसार बढ़ाने के लिए प्राचार्य मंजू के मार्गदर्शन में ऑपरेशन सिंदूर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी प्रतिभागिता की।



रेवाड़ी। नेताजी को जयंती पर नमन करते हुए कांग्रेसी। फोटो : हरिभूमि

# सुभाष चंद बोस ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष को नई दिशा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

कांग्रेस के एससी डिपार्टमेंट कार्यालय में शुक्रवार को महान स्वतंत्रता सेनानी व आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रमेश ठेकेदार ने की। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेताजी को नमन किया और उनके राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया। इस मौके पर रमेश ठेकेदार ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे महानायक थे, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष को नई दिशा दी। नेताजी का तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा आज भी युवाओं के दिलों में जोश और प्रेरणा भर देता है। नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन कर देश की आजादी के लिए निर्णायक भूमिका निभाई और भारत को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। आज के समय में नेताजी के विचारों को अपनाने की सबसे ज्यादा जरूरत है। देश की एकता, अखंडता और सामाजिक न्याय के लिए उनका संघर्ष हम सभी के लिए मार्गदर्शक है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सेवा स्तंभ के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष भगतसिंह सांभरिया, सत्यनारायण सांभरिया,सुभम, सुरेंद्र, सुदेश, इंदरजीत, हरिदास, गौरीशंकर, मिथलेश व सचिन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# फिलिपींस में योग की अलख जगा रहा अरविंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। फिलिपींस में योग साधकों के साथ अरविंद।

जैनाबाद निवासी योगाचार्य अरविंद पिछले कुछ समय से फिलिपींस देश में योग का परचम लहरा रहे हैं। अरविंद ने बताया कि वे फिलिपींस में योग को बढ़ावा देने के लिए स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, इंस्टीट्यूट व रिजॉर्ट्स आदि में योग के व्याख्यान दे रहे है। अरविंद की मां सुषमा ने बताया कि उनका पुत्र शुरू से ही होनहार है और कुछ अलग हटके करना चाहता था। पिता कुलदीप आर्य ने बताया कि अरविंद ने बीएससी करने के बाद इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर से एमए योग की पढ़ाई की और उसके बाद पंजाब के जवाहर नवोदय विद्यालय में योग शिक्षक के तौर पर कार्य किया। अरविंद ने गुरुग्राम में भी योग प्रशिक्षण दिया है।

इसके अलावा ऋषिकेश में रहकर भी योग शिक्षण और प्रशिक्षण का कार्य किया। अरविंद ने बताया कि विदेशों में भी योग के क्षेत्र में रोजगार के अच्छे अवसर हैं और साथ ही भारतीय संस्कृति को प्रोत्साहित करने का अवसर भी मिलता है। अरविंद का मानना है कि योग और भारतीय संस्कृति का पूरी दुनिया में प्रचार होना चाहिए, तब ही पूरी दुनिया में सामंजस्य और शांति स्थापित होगी।

### पूर्व मंत्री को पुण्यतिथि पर क्षेत्रवासियों ने किया याद

कोसली। कोसली निवासी पूर्व मंत्री राव रामनारायण की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को डीएवी कालेज परिसर में हवन का आयोजन किया गया। कोसली के विकास में राव रामनारायण का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने बतौर प्रशासनिक अधिकारी से लेकर मंत्री पद पर होते हुए क्षेत्र में अनेक समाजसेवा के कार्य किए। उपमंडल में उन्होंने शिक्षा की अलख जगाई। डीएवी गर्ल्स कॉलेज की स्थापना के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रीय एजूकेशन सोसायटी द्वारा कॉलेज परिसर में स्थित राव राम नरायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

**विद्यार्थियों और अभ्यर्थियों को कृपाण की कुल लंबाई 9 इंच से अधिक नहीं होनी चाहिए**

# सिख अभ्यर्थियों को परीक्षाओं में कृपाण और विवाहिता को मंगलसूत्र पहनने की होगी अनुमति

**हरियाणा सरकार ने सिख विद्यार्थियों व विवाहित महिला अभ्यर्थियों को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया निर्णय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में स्कूलों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों तथा विभिन्न भर्ती एजेंसियों की ओर से आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के दौरान सिख विद्यार्थियों और विवाहित महिला अभ्यर्थियों को होने वाली असुविधाओं को दूर करने के उद्देश्य से दिशा-निर्देश जारी किए हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, विभिन्न परीक्षाओं में शामिल होने वाले सिख विद्यार्थियों और अभ्यर्थियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप कृपाण पहनने और साथ ले जाने की अनुमति प्रदान की गई है। डीसी ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार विभिन्न परीक्षाओं में शामिल होने के लिए सिख विद्यार्थियों और अभ्यर्थियों को कृपाण की कुल लंबाई 9 इंच से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि उसकी धार की लंबाई 6 इंच से अधिक न हो। ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से कम से कम एक घंटा पूर्व रिपोर्ट करने की सलाह दी गई है, ताकि आवश्यक जांच एवं औपचारिकताएं समय पर पूर्ण की जा सकें। इसी प्रकार विवाहित महिला अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान मंगलसूत्र पहनने की अनुमति होगी। ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से कम से कम 30 मिनट पूर्व उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे आवश्यक प्रक्रियाएं सुचारू रूप से संपन्न की जा सकें। डीसी ने बताया कि यह निर्णय दिल्ली उच्च न्यायालय तथा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के विभिन्न निर्णयों के आलोक में लिया गया है, जिनमें धार्मिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों के संरक्षण के साथ-साथ परीक्षाओं के निष्पक्ष और सुव्यवस्थित संचालन पर बल दिया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने विभागों, बोर्डों, निगमों, विश्वविद्यालयों और भर्ती एजेंसियों के प्रमुखों को इस संबंध में आवश्यक आदेश दिए हैं ताकि परीक्षा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं सुरक्षा कर्मियों को इन दिशा-निर्देशों की पूरी जानकारी रहे और किसी भी स्तर पर अभ्यर्थियों को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े।

